## अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मई, 2007

**( आय-कर )**

**का.आ. 856( अ ).**–आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 120 की उप-धारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड एतद्द्वारा :–

(क) निदेश देता है कि नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट आय-कर निदेशक, जिसका मुख्यालय उक्त अनुसूची के कॉलम (3) की तदनुरूपी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट स्थान पर है, आय- कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के अध्याय-XIII ग के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करेंगे तथा पूरे भारत में इससे संबंधित कार्यों को संदत्त करेंगे ;

(ख) नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट आय-कर निदेशक को भूभागीय क्षेत्रों, जो ऐसे आदेशों में विनिर्दिष्ट किए जा सकते हैं, के संबंध में अपने अधीनस्थ आय-कर प्राधिकारियों से किसी आदेश द्वारा अधिकारों के प्रयोग एवं कार्यों के निष्पादन के लिए लिखित में आदेश जारी करने के लिए अधिकृत करता है ।

### अनुसूची

| क्रम संख्या | आय-कर प्राधिकारियों का पदनाम | मुख्यालय | क्षेत्राधिकार |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | आय-कर निदेशक (आसूचना), दिल्ली | नई दिल्ली | अखिल भारत |

2. यह अधिसूचना राजपत्र के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी ।

[अधिसूचना सं. 199/2007/फा. सं. 187/05/2007-आय-कर नि.-I]

दीपक गर्ग, अवर सचिव